आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में नशा माफियों के खिलाफ राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कल कांगड़ा जिला के नूरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कई माह से पुलिस ने नशा तस्करों के विरूद्ध व्यापक अभियान शुरू किए हैं और इस अभियान के तहत इनकी 11 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा माफियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने पी.आई.टी– एन. डी.पी.एस अधिनियम को राज्य में लागू किया है जो अपराधियों को हिरासत में लेने में सक्ष्म है।

सम्मेलन

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज बिहार के पटना में शुरू होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला दो दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। देश के विभिन्न विधायी निकायों, लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी बैठक में भाग लेंगे। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन की थीम है – संविधान की 75वीं वर्षगांठ– संवैधानिक मूल्य सुदृढ़ करने में संसद और राज्य विधानसभाओं का योगदान।

विंटर कार्निवाल

आज से पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय मनाली विंटर कार्निवाल शुरू हो रहा है। कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना के साथ करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाऊस मनाली से झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल में देश व प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए सांस्कृतिक दल भी अपनी–अपनी प्रस्तुतियां देंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

प्रधानमंत्री आवास योजना

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आकांक्षी जिला चंबा के पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने से कई लोगों के नए घर निर्मित हुए हैं। जानकारी के अनुसार जिला के सात विकास खंडों चंबा, भरमौर, भटियात, मैहला, पांगी, सलूणी व तीसा में वर्ष 2016 से 2024 तक इस योजना के तहत सात हजार 6 सौ 2 घर स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 7 हजार एक सौ 37 घरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है जबकि वर्ष 2024–25 के लिए योजना के तहत जिले में 16 हजार 9 सौ 25 घर स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 16 हजार 57 पात्र लोगों को पहली किस्त जारी कर दी गई है जबकि एक हजार 7 सौ 51 लोगों को दूसरी किस्त प्रदान की गई है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। जनजातीय क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर कल हुई हल्की बर्फबारी से शीतलहर तेज हो गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार प्रदेश में 22 व 23 जनवरी को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में वर्षा के आसार हैं।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

दिव्य हिमाचल का शीर्षक है पौंग झील को बनाएंगे टूरिस्ट डेस्टिनेशन–मुख्यमंत्री का बोटिंग, वॉटर स्पोर्ट्स और ईको–टूरिज्म बढ़ाने पर जोर।

दैनिक जागरण की एक खबर है मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य सेवा निदेशालय का अलग होगा कैडर।

होटलों को घाटे से उबारने का प्रयास शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है एचपीटीडीसी ढाई करोड़ से करेगा होटलों की रेनोवेशन।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है प्रदेश में आज हल्की बारिश और बर्फबारी होने के आसार।